विश्वास जरुरी है खाटू श्याम भजन लिरिक्स

विश्वास जरुरी है,

दोहा – चल भगता हूण श्याम दे चलिए,
साडा दूजा होर ना ठिकाणा,
जग सारा हूण रेन बसेरा,
आज रुक ना कल टूर जाणा।

तेरा साथ निभायेगा,
विश्वास जरुरी है,
तेरी बिगड़ी बनाएगा,
विश्वास जरुरी हैं।bd।

जिस दिन भी तू सच्चे मन से,
इसका हो जाएगा,
उस दिन से तू हर पल इसको,
अपने संग पाएगा,
तेरे संग संग चलेगा ये,
तेरे संग संग चलेगा ये,
आभास जरुरी है,
आभास जरुरी है।bd।

होके मगन तू जब भी,
इसके भजनों को गाएगा,
गर हो भरोसा पक्का,
तेरे सामने आएगा,
प्यास नैनों की बुझाएगा,
प्यास नैनों की बुझाएगा,
पर प्यास जरूरी है,
पर प्यास जरूरी है।bd।

श्याम नाम की मस्ती में तू,
'अरविन्द' अब तो खो जा,
छोड़ के चिंता और फिकर तू,
गोद में इसकी सो जा,
इसके सिवा भी कोई है,
जो तुझे अपनाएगा,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हाथ सिर पे फिराएगा,
एहसास जरुरी है,
एहसास जरुरी है।bd।

तेरा साथ निभायेगा,
विश्वास जरुरी हैं,
तेरी बिगड़ी बनाएगा,
विश्वास जरुरी हैं।bd।

Singer & Writer – Arvind Sahal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com